रोहतक
मंगलवार, 23 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 324
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधि. | 22.1 |
| न्यून. | 6.0 |

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,567.48 | 638.12 ▲ |
| निफ्टी | 26,172.40 | 206.00 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,38,200/- | 1685/- ▲ |
| चांदी | 2,14,500/- | 10400/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 89.70 | 3 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 61.00 बैरल | 0.86% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

# चुनाव सुधार चर्चा पर कांग्रेस का विधानसभा से वॉकआउट

- *सीएम सैनी बोले कांग्रेस लगातार वोट चोरी का आरोप लगा रही*
- *अब हम चर्चा कर रहे तो वह भाग रहे*
- *चुनाव में हारने के बाद आयोग पर उठाते हैं सवाल*
- *महिपाल ढांडा बोले, सड़कों पर उतरकर हरियाणा को बदनाम करते हैं।*




### कांग्रेस किसी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तैयार नहीं : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है, जबकि इनके शासनकाल में कैसे वोट चोरी होती थी। इनके समय में बंडल के ऊपर बंडल रख दिया जाता था। मैं सदन और प्रदेश की जनता से अपील करूंगा कि वे इस पूरे मामले में सच और झूठ का फैसला करें। सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर शेर पढ़ते हुए कहा, 'संविधान पर झूठी उंगली उठाकर क्या पाओगे, अपनी नाकामी का बोझ कितनी देर और ढोओगे।

### जनहित के मुद्दों से भागती नजर आई भाजपा : हुड्डा

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने किसान, बेरोजगार युवा, भर्ती घोटाले, एमएसपी, धान घोटाला, मनरेगा, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खिलाड़ियों की मौत, एसवाईएल, चंडीगढ़ तथा हेट स्पीच समेत हरियाणा के हक से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने के लिए प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सरकार ने एक का भी जवाब नहीं दिया। सदन को गुमराह करते हुए विपक्ष को मूकदर्शक बनाने की बार बार कोशिश की गई।



योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ

हरियाणा विधानसभा में शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सोमवार को इलेक्टोरल रिफॉर्म (चुनाव सुधार) पर चर्चा के दौरान जमकर बवाल मचा। पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा विधायक रामकुमार कश्यप ने सदन में प्रस्ताव को पेश किया। इस पर कांग्रेस विधायकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि ये सड़कों पर उतरकर हरियाणा और हरियाणा की सरकार को बदनाम करते हैं। इस पर हुड्डा ने कहा कि ये ऐसी उंगली दिखाकर बात करते हैं, ये कोई तरीका है। हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने 15 मिनट के लिए सदन स्थगित भी किया। कार्यवाही शुरू होने के बाद भी कांग्रेस का हंगामा जारी रहा। कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट करते हुए मंत्री विपुल गोयल पर गाली देने का आरोप लगाया। विधायक वेल तक पहुंच गए। इस पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं किया है। फिर भी यदि किसी को बुरा लगा हो तो मैं खेद प्रकट करता हूं।

- विधायक वेल तक पहुंच गए, कार्यवाही रही बाधित

*(संबंधित खबर पेज 2 पर)*

### चर्चा के लिए तीन प्रस्ताव आए

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस तीन दिन के सेशन में 16 बिल पेश किए गए हैं। ये कई विभागों से जुड़े हुए हैं। इन विधेयकों में जनहित को सर्वोपरि रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा- हाउस के अंदर तीन चर्चा प्रस्ताव आए, पहला वंदेमातरम्, दूसरा अविश्वास प्रस्ताव और आज इलेक्टोरल रिफॉर्म, लेकिन कांग्रेस ने तीनों पर चर्चा से इनकार कर दिया। इसके बाद स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

### पूर्व विधायकों को मिलेगा 10000 यात्रा भत्ता

लंच के बाद हरियाणा विधानसभा (वेतन, भत्ता और पेंशन) संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया गया। इसके माध्यम से राज्य के 550 पूर्व विधायकों को आर्थिक सहायता मिलेगी, क्योंकि इसमें मासिक पेंशन, महंगाई राहत और विशेष यात्रा भत्ते पर लगी 1 लाख रुपये की सीमा को खत्म करने का प्रस्ताव है। इसके तहत पूर्व विधायकों को यात्रा भत्ते के रूप में 10 हजार प्रति माह तक मिलेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस प्रस्ताव को सदन में रखा, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया।

### विधायक इंदूराज के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव

भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल के खिलाफ प्रिविलेज मोशन (विशेषाधिकार प्रस्ताव) का प्रस्ताव दिया, जिसको स्वीकार कर लिया गया। स्पीकर ने कहा कि नियमों के तहत इसे मंजूरी दी गई है।

### ये विधेयक हुए पारित

- **हरियाणा दुकानात वाणिज्यिक संशोधन विधेयक**
  हरियाणा दुकानात वाणिज्यिक संशोधन विधेयक पर चर्चा के बाद श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि ये 1958 में श्रमिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए बनाया गया है।
- **आबादी देह संशोधक विधेयक**
  शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने आबादी देह संशोधक विधेयक, 2025 पेश किया गया। सीएम नायब सैनी ने कहा कि ये विधेयक बहुत जरूरी है। इससे सीधे तौर पर 25 लाख लोग लाभान्वित होंगे।
- **निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025**
  शिक्षा मंत्री ढांडा ने निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 पेश किया। इस संशोधित विधेयक के साथ राज्य के उन 26 निजी विश्वविद्यालयों की सूची भी संलग्न है, जिनमें प्रशासक नियुक्त किए जाने का प्रावधान है।
- **हरियाणा विधानसभा संशोधन विधेयक, 2025**
  हरियाणा विधानसभा (वेतन, भत्ता और पेंशन) संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया गया। इस विधेयक के माध्यम से राज्य के 550 पूर्व विधायकों को आर्थिक सहायता मिलेगी, क्योंकि इसमें मासिक पेंशन, महंगाई राहत और विशेष यात्रा भत्ते पर लगी 1 लाख रुपये की सीमा को खत्म करने का प्रस्ताव है।


VIT®
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

सही दिशा में पहला कदम,
बेहतरीन करियर की ओर

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS
SUSTAINABILITY | 2026

| भारत रैंक | विश्व रैंक | संस्थान का नाम | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | 205 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दिल्ली (IIT-Delhi) | 83.1 |
| 2 | 235 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-BOMBAY) | 81.4 |
| 3 | 236 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (IIT-KGP) | 81.3 |
| 4 | 241 | दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi) | 80.9 |
| 5 | 305 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT-Madras) | 77.3 |
| 6 | 310 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर (IITK) | 77 |
| **7** | **352** | **वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (VIT)** | **74.9** |
| 7 | 352 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT-Roorkee) | 74.9 |
| 9 | 462 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc) बैंगलोर | 70.5 |
| 10 | 467 | मणिपाल एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, मणिपाल | 70.3 |

Source : https://www.topuniversities.com/sustainability-rankings

For further information about
VITEEE 2026
scan the QR code



www.vit.ac.in | vellore-institute-of-technology | vituniversity | VIT_univ | Vellore Institute of Technology | vellore_vit



## विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने दिया प्रश्नों का जवाब : 22 अस्पतालों को बनाया जा रहा आधुनिक

# प्रदेश का स्वास्थ्य ढांचा हुआ मजबूत, 10 अस्पताल जनता को समर्पित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में हर जिला स्तर पर सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित एक अस्पताल विकसित किया जा रहा है। अब तक 10 अस्पताल जनता को समर्पित किए जा चुके हैं। इनमें सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई व लैबोरेट्री सहित सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अन्य 22 अस्पतालों पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रश्न काल में विधायक मामन खान द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार ने कभी प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की और न ही सुविधाएं बढ़ाने की तरफ ध्यान दिया। उन्होंने कभी विचार ही नहीं किया कि कैसे स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर की जा सकती हैं।

**नागरिक अस्पतालों में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई व लैबोरेट्री सहित सभी सुविधाएं मिल रहीं**

### मुख्यमंत्री बोले, कांग्रेस राज में मरीज प्राइवेट सेक्टर के भरोसे थे



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज में उस समय नागरिकों को प्राइवेट सेक्टर पर छोड़ दिया गया और किस प्रकार से लोगों का शोषण होता था, यह सब जानते हैं। वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में हर वर्ष केवल 4 स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही मिलते थे, जबकि आज यह संख्या लगभग 200 तक पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं, वर्ष 2014 में एमबीबीएस सीटों की संख्या केवल 700 होती थी, जबकि आज राज्य सरकार के प्रयासों से एमबीबीएस सीटों की संख्या लगभग 2500 से अधिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से आज सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाइयां भी मिल रही है और हर प्रकार की टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करते हुए राज्य सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। 30 बेड के अस्पताल को 50 , 50 बेड के अस्पताल को 100, 100 बेड के अस्पताल को 200 और 200 बेड के अस्पतालों को 400 बेड में अपग्रेड किया गया है। साथ ही, प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी बढ़ाई है।



### वोट चोरी का दुष्प्रचार कर जनमत का अपमान किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की जनता ने बड़े जनादेश के साथ सरकार बनाई है। ऐसे में जनता के इस विश्वास के बावजूद विपक्ष द्वारा वोट चोरी का भ्रम फैलाना सरासर दुष्प्रचार है और जनमत का अपमान भी। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक रामकुमार कश्यप द्वारा मतदाता सूची बनाने से संबंधित चल रहे चुनाव सुधारों से उत्पन्न स्थिति के संबंध में लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे।

#### देश की जनता को किया गुमराह

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 अक्तूबर 2024 को जब विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित हुए, तब तक विपक्ष को सब कुछ ठीक लग रहा था। लेकिन समय बीतने के साथ-साथ विपक्ष ने अचानक वोट चोरी की बातें शुरू कर दीं। इतना ही नहीं, इस मुद्दे को हरियाणा से बाहर देश के विभिन्न हिस्सों तक ले जाकर फैलाने का प्रयास भी किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा हरियाणा का नाम लेकर वोट चोरी का आरोप लगाया गया है। ऐसे आरोपों पर इस महान सदन के भीतर गंभीर और तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए। प्रदेश की जनता सच्चाई जानना चाहती है।

### हरियाणा दुकानात और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान विधेयक दुकानदारों व श्रमिकों के हित में : विज

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा विधानसभा ने छोटे प्रतिष्ठानों पर अनुपालन का बोझ कम करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने तथा श्रमिकों के हकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हरियाणा दुकानात और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक श्रमिकों व दुकानदारों दोनों के लाभ व बेहतरी तथा श्रमिकों व दुकानदारों के हित में है। विज ने सोमवार को हरियाणा दुकानात और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025 को प्रस्तुत किया और ये विधेयक पारित हुआ है।

### गन्नौर में निकासी के लिए पाइप लाइन बिछेगी

लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सोनीपत जिले के गन्नौर ग्रेन मार्केट से बरसाती पानी निकालने और जीटीरोड से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क के किनारे बरसाती पानी निकालने वाली पाइप लाइन बिछाने के लिए 1399 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए गए हैं।

### सरकार क्लस्टर बनाकर स्वच्छता अभियान को दे रही गति

स्थानीय निकाय, राजस्व आपदा एवं प्रबंधन मंत्री शविपुल गोयल ने कहा कि वर्तमान सरकार क्लस्टर अनुसार गहन स्वच्छता अभियान चला रही है ताकि शहरों में भी पूर्ण सफाई व्यवस्था बनी रहे। गोयल सोमवार को विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। स्थानीय निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चलाए गए गहन स्वच्छता अभियान के माध्यम से राज्य को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रपति अवार्ड मिला है। यह पूरे भारत में तीसरे नंबर का अवॉर्ड है। उन्होंने कहा कि भिवानी, सिरसा, सोनीपत, पानीपत, करनाल आदि जिलों को क्लस्टर बनाकर अपशिष्ट संग्रहण एजेंसियों को पी पी पी मोड पर स्वच्छता कार्य अलाट किया गया है जिनके माध्यम से प्रतिदिन राज्य की 87 नगर पालिका , 24 नगर परिषद और 11 नगर निगम क्षेत्र में उत्पन्न हो रहे 6334 मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण हो रहा है।

### अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के नियमितीकरण का मुद्दा उठा

सत्र के अंतिम दिन वरिष्ठ विधायक भारत भूषण बतरा ने प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों में पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले लगभग 700 पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियमितीकरण ( सेवा-सुरक्षा) का महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में ढंग से उठाया। कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर के नियमों के अनुरूप विश्वविद्यालयों में अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर पिछले 1 साल से रोजगार की गारंटी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### सेना के लापरवाह चालकों को नहीं मिल सकती संप्रभु प्रतिरक्षा: हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** सड़क सुरक्षा और सैन्य जवाबदेही के लिहाज से दूरगामी प्रभाव डालने वाले एक अहम फैसले में पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सड़कों पर सेना के कर्मियों द्वारा लापरवाही से वाहन चलाए जाने के मामलों में भारत संघ संप्रभु प्रतिरक्षा का सहारा नहीं ले सकता। अदालत ने दो टूक कहा कि संप्रभु प्रतिरक्षा कोई सर्वव्यापी ढाल नहीं है, बल्कि यह केवल अत्यंत सीमित परिस्थितियों में राज्य की मूल संप्रभु शक्तियों से सीधे जुड़े कार्योंपर ही लागू होती है। यह टिप्पणी जस्टिस वीरेन्द्र अग्रवालद्वारा 1996 में एक सैन्य ट्रक से हुई सड़क दुर्घटना में घायल पांच नागरिकों के मुआवजे से जुड़े मामले में की गई। हाईकोर्ट ने कुरुक्षेत्र मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के वर्ष 2001 के उस फैसले को पलट दिया।

### जजपा नेता दिग्विजय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के पौत्र एवं राजनीतिक नेता दिग्विजय चौटाला द्वारा दायर सुरक्षा याचिका का निस्तारण करते हुए सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता और उनके परिवार की जान-माल की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए। यह आदेश जस्टिस संजय वशिष्ठ ने पारित किया। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया कि बिश्नोई गैंग की ओर से याचिकाकर्ता को गंभीर धमकियां प्राप्त हुई थीं। इन धमकियों के आधार पर 30 जुलाई 2025 को डबवाली थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। इसके बावजूद, राज्य के वर्तमान डीजीपी ने 10 दिसंबर 2025 को बिना किसी ठोस कारण से सुरक्षा वापस ले ली।

### स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर जवाब -तलब



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा राज्य को निर्देश दिया है कि वह सरकारी स्कूलों के बारे में जिलावार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करे, जो बच्चों के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुरूप हो। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को उजागर करने वाली समाचार रिपोर्टों के आधार पर शुरू किए गए एक स्वतः संज्ञान मामले पर विचार करते हुए ये निर्देश पारित किए, जिसमें ऐसे उदाहरण भी सामने आए हैं जहां एक ही शिक्षक 500 छात्रों तक का प्रबंधन कर रहा है।न्यायालय ने हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग द्वारा दिनांक 18 नवम्बर 2025 को दायर किए गए हलफनामे पर ध्यान दिया, जिसमें कहा गया था कि फरीदाबाद, नूह (मेवात) और पलवल जिलों को छोड़कर, अन्य सभी जिले निर्धारित विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात का अनुपालन कर रहे थे। हालांकि, पीठ ने पाया कि हलफनामे में प्रस्तुत आंकड़े प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के लिए 2009 के अधिनियम की अनुसूची के तहत निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुरूप नहीं थे।

### सदन में अमर्यादित भाषा का प्रयोग गलत : शर्मा



**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री विनोद शर्मा शीतकालीन सत्र के तीसरे और अंतिम दिन विधानसभा स्पीकर गैलरी में आए हुए थे। बाद में उन्होंने ऊपर आकर मीडिया गैलरी में पत्रकारों से बातचीत की। पूर्व मंत्री ने कहा कि सदन में जनता चुनकर भेजती है, सदस्यों को अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए, किसी पर भी आरोप लगा देना व अनाप शनाप बोलना गलत बात है। अगर आरोप लगाने वाले के पास में साक्ष्य हैं, तो जरूर प्रदेश की जनता के सामने रखने चाहिए।

### झज्जर में कोच को सस्पेंड करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** खेल मंत्री गौरव गौतम ने झज्जर जिला के गांव खरहर के ग्रामीणों द्वारा प्रशिक्षक अजय राठी के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही तथा बच्चों को नियमित प्रशिक्षण न देने संबंधी शिकायत पर सख्त कार्यवाही करते हुए कोच को निलंबित करने के आदेश जारी किए थे, इन निर्देशों की पालना करते हुए खेल विभाग ने सोमवार कोच को निलंबित कर दिया है और जांच अवधि तक हेड ऑफिस पंचकूला में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पिछले ही महीने गाँव खरहर जिला झज्जर में कार्यरत एथलेटिक कोच के ट्रांसफर हो जाने पर नए कोच अजय राठी को विभाग द्वारा स्थानांतरित किया गया था।

### राज्यगीत व राष्ट्रगान के साथ विस अनिश्चित काल के लिए स्थगित



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सोमवार को संसदीय प्रणाली में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा सदन में रखा। उन्होंने कहा कि संसदीय गतिविधियों और सुधारात्मक प्रयासों का उद्देश्य संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी सुधार और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना है। सोमवार को हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। इस मौके पर हरियाणा के राज्य गीत और राष्ट्रगान का वादन किया गया।विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि 11 से 13 सितम्बर, 2025 तक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट कॉन्फ्रेंस, इंडिया रीजन के 11वें सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिला। 26 और 27 सितम्बर को विधायी प्रक्रियाओं को अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग पर हरियाणा विधान सभा तथा राज्य सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।




रोहतक
मंगलवार, 23 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 324
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 22.1
न्यून. 6.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# घने कोहरे और ठंड के आगोश में हरियाणा, कल से सूखी सर्दी, दिन-रात के तापमान में गिरावट

**सुबह के समय दृश्यता शून्य रही वाहन चालक परेशान, करनाल में सड़क हादसे में युवक की मौत**

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

हरियाणा में ठंड बढ़ती जा रही हैं। सोमवार की सुबह करीब सभी जिलों में कोहरा छाया रहा। इससे न केवल रात के तापमान, बल्कि दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। आने वाले दिनों में भी कोहरा और ठंड का डबल अटैक जारी रहेगा। उधर, करनाल में सड़क हादसे में बाइक सवार 20 साल के युवक अभिषेक की मौत हो गई। वह सुबह के समय काम पर जा रहा था कि धुंध ज्यादा होने के कारण बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि पिता की मौत के बाद परिवार को संभालने के लिए युवक पढ़ाई के साथ नौकरी भी कर रहा था। इसके अलावा भी कई जगह छोटे-मोटे सड़क हादसे हुए।

*उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण शीतलहर चल रही, 12 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट*



### आज भी घना कोहरा पड़ेगा

बता दें कि पहाड़ों से मैदानी क्षेत्रों की ओर चल रही उत्तर-पश्चिमी हवा के कारण पूरे प्रदेश ने अब ठंड के आगोश में ले लिया है। भारतीय मौसम विभाग ने भी दिसंबर माह के अंतिम पखवाड़े में ठंड बढ़ने का अनुमान लगाया है। आईएमडी की ओर से प्रदेश के 12 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें जीटी रोड के साथ लगने वाले सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र, करनाल और अंबाला के अलावा यमुनानगर, कैथल, गुरुग्राम, रोहतक, झज्जर, फरीदाबाद और नूहं मेवात जिले शामिल रहे।

**उत्तरी बर्फीली हवाएं चलेंगी**


मौसम के जानकारों की मानें तो 24 दिसंबर से पूरे प्रदेश में ठंड ज्यादा बढ़ने की संभावना है। 24 से हवाओं का रुख बदल जाएगा। जिसके बाद उत्तरी बर्फीली हवाएं चलेंगी। इससे पूरे प्रदेश में ठंड बढ़ सकती है। साथ ही सूखी ठंड और पाला पड़ने की संभावना है। उधर, कोहरे में बस संचालन पर परिवहन निदेशालय के महाप्रबंधक ने इसी सप्ताह सभी रोडवेज जीएम की बैठक बुलाई है। इसमें कोहरे और धुंध के कारण हरियाणा में हिसार, भिवानी जैसी लंबी दूरी की रात्रि कालीन सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

### गुरुग्राम के सरकारी कार्यालयों का समय बदला

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण व मौसम को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप स्टेज-4 लागू कर दिया है। गुरुग्राम जिले में सरकारी कार्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। डीसी अजय कुमार ने आयोग के आदेशों की अनुपालना में राज्य सरकार और नगर निकायों के अंतर्गत आने वाले सभी सार्वजनिक कार्यालयों के लिए स्टैगर्ड ऑफिस टाइमिंग लागू करने के निर्देश जारी किए हैं।

**नोटिफिकेशन जारी, हिसार की सीमाएं बदली**

# हांसी बना हरियाणा का 23वां जिला




हांसी (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा में सोमवार से 23 जिले हो गए। हांसी को अलग जिला बनाने का नोटिफिकेशन जारी हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 16 दिसंबर को ऑटो मार्केट में आयोजित विकास रैली में हांसी को जिला बनाने को घोषणा की थी। हरियाणा की मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सोमवार को हांसी को जिला बनाने से जुड़ा पत्र जारी कर दिया। वित्तायुक्त द्वारा जारी लेटर में लिखा है कि रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 की धारा 5 के साथ पठित हरियाणा भू-राजस्व अधिनियम 1887 की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा के राज्यपाल इसके द्वारा हिसार जिले की सीमाओं को परिवर्तित करते हैं और उसके उपमंडलों की संख्या बदलते हैं ताकि हांसी नाम से नया जिला बनाया जा सके, जिसमें हांसी और नारनौंद उपमंडल शामिल होंगे। (विस्तृत पेज 4 पर)

### ये बदलाव होंगे

**तीन तहसील**
नारनौंद, बांस और हांसी
**दो उपमंडल**
नारनौंद, हांसी
**110 गांव**
जिले में होंगे शामिल
**1,34,976**
भौगोलिक क्षेत्र होगा
**5,40,994**
अनुमानित जनसंख्या

### तेजी से होगा विकास

हांसी के जिला बनने के बाद कई चीजें बदल जाएंगी। हांसी के लोगों को अब प्रशासनिक कामों और डीसी से मिलने के लिए हिसार नहीं आना होगा। हांसी में ही डीसी बैठेंगे। हांसी में जिला एवं सत्र न्यायालय का गठन होगा। योजनाएं जल्दी पूरी होंगी, विकास तेजी से होगा।

## खबर संक्षेप

### नेशनल हेराल्ड: सोनिया राहुल से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर जवाब देने को कहा, जिसमें नेशनल हेराल्ड मामले में उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा ने गांधी परिवार और अन्य लोगों को मुख्य याचिका के साथ-साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें 16 दिसंबर के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। (पेज 5 भी देखें)

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी ट्रेन के शीशे को तोड़ा



**बांदा।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में पत्थर मारने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बनारस से खजुराहो जा रही वंदे भारत ट्रेन में किसी ग्रामीण ने पत्थर फेंककर उसका शीशा तोड़ दिया। गेटमैन ने देखा तो रेल अफसरों को सूचना दी, जिसके बाद आरपीएफ ने घटना का संज्ञान लेकर केस दर्ज किया और जांच शुरू की। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गौर हो कि बनारस खजुराहो वंदे भारत ट्रेन का उदघाटन मोदी ने पिछले महीने 8 नवंबर को किया था। *एजेंसी*

335 यात्रियों को ले जा रहा था मुंबई

# एअर इंडिया प्लेन का एक इंजन हवा में बंद, इमरजेंसी लैंडिंग

**6:10** बजे सुबह दिल्ली से भरी उड़ान **6:52** पर वापस लौटा, दूसरे इंजन से वापस दिल्ली में उतारा गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट को 40 मिनट में ही इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोइंग 777-300ईआर एआई887 फ्लाइट का दाहिना इंजन टेक-ऑफ के बाद बंद हो गया। उसमें ऑइल प्रेशर जीरो हो गया था। इसके चलते उसे दिल्ली एयरपोर्ट लौटना पड़ा। प्लेन ने सुबह 6:10 बजे एआई 887 के रूप में मुंबई के लिए उड़ान भरी थी और 6.52 पर यह वापस आ गया। हालांकि 2 इंजन वाले प्लेन एक इंजन के जरिए भी सुरक्षित लैंड कर सकते हैं। इसलिए इसे तुरंत ही लौटाने का फैसला लिया गया। फ्लाइट टेक-ऑफ के बाद लगभग एक घंटे तक हवा में थी। विमान में लगभग 335 लोग सवार थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एअर इंडिया से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। साथ ही डीजीसीए को पूरी जांच करने का निर्देश दिया है।

12 पेज का सुसाइड नोट लिखा

# पंजाब के पूर्व आईजी ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

**8.10** करोड़ ऑनलाइन फ्रॉड का किया जिक्र
- सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से पेट में मारी गोली

**पटियाला (एजेंसी)।** पंजाब के पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजी) अमर सिंह चहल ने घर में खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से पेट में मारी। गोली लगने से वह घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व आईपीएस अधिकारी चहल ने गोली मारने से पहले 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सुसाइड नोट में 8.10 करोड़ रुपये के ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लिए थे। चहल ने आगे लिखा कि परिवार को सुरक्षा दी जाए। उन्होंने पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव से एसआईटी या सीबीआई से मामले की जांच करवाने की मांग की है।



अमर सिंह चहल ने कुछ लोगों से उधार लिए थे पैसे

# सीएसआईआर-यूजीसी पेपर पास कराने की 3 से 4 लाख में डील

**सीएम फ्लाइंग ने दो युवक किए गिरफ्तार** | **एसीपी बोले-पेपर लीक नहीं रुपये ऐंठने का था प्लान** | **प्रश्न पत्र देने की बात कह छात्रों को अकेडमी में बुलाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना (सोनीपत)

प्रदेश में संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के पेपर कराने की एवज में तीन से चार लाख रुपये में डील करने के मामले का खुलासा हुआ है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का पर्दाफाश कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गोहाना में दर्ज कराई गई एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। हालांकि गोहाना के एसीपी राहुल देव ने कहा कि पेपर लीक नहीं हुआ, बल्कि ये पूरा मामला बच्चों को फंसाकर उनसे लाखों रुपए ऐंठने का था। एसीपी ने आगे बताया कि स्टूडेंट्स को पेपर उपलब्ध कराने का झांसा देकर गोहाना की एक कबड्डी एकेडमी में लाया गया था। पुलिस ने इस मामले में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जांच के लिए एसीपी जीत सिंह बेनीवाल की अध्यक्षता में एक एसआईटी बनाई गई है। सीएम फ्लाइंग ने 17 दिसंबर को कबड्डी में रेड कर कुछ स्टूडेंट्स और दो अन्य को पकड़ा था। पकड़े गए व्यक्ति ने मौके पर मोबाइल पर भाई द्वारा पेपर भेजे जाने का दावा किया था।

**ऐसे समझें पूरा मामला**

17 दिसंबर को गिरोह के सदस्यों ने 37 अभ्यर्थियों को पानीपत के इसराना क्षेत्र में एनसी कॉलेज के पास एकत्रित किया। इन अभ्यर्थियों को प्रलोभन दिया गया था कि उन्हें परीक्षा से पहले ही मूल प्रश्नपत्र उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इसके बाद सभी अभ्यर्थियों को एक टैंपो ट्रैवलर में बैठाकर सोनीपत के गांव चिड़ाना स्थित रयात बाहरा इंस्टीट्यूट की एक पुरानी इमारत में ले जाया गया। वर्तमान में इस इमारत में नरवाल कबड्डी अकादमी का संचालन किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने इस पूरे ऑपरेशन को लगभग पांच दिनों तक पूरी तरह गोपनीय रखा ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके। फिलहाल पकड़े गए दोनों आरोपित को पुलिस रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### ए और बी सेट बांटे गए

गिरोह के सदस्यों ने अभ्यर्थियों को विश्वास में लेने के लिए यह दावा किया कि 18 दिसंबर को होने वाली सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र उनके पास पहुंच चुका है। जांच के दौरान पता चला कि गिरोह के सदस्यों के मोबाइल पर कुछ दस्तावेज भेजे गए थे जिन्हें उन्होंने असली प्रश्नपत्र बताकर प्रिंटर के माध्यम से उनकी फोटो प्रतियां निकालीं। वहां मौजूद 37 अभ्यर्थियों में से 16 को केमिस्ट्री और 21 अभ्यर्थियों को लाइफ साइंस विषय के ए और बी सेट बांटे गए। अभ्यर्थी इन फर्जी प्रश्नपत्रों को ही असली मानकर पूरी रात वहां अभ्यास करते रहे।



### भारी संख्या में संदिग्ध सामग्री बरामद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक को इस संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। उड़नदस्ता की टीम ने एसआई कर्मबीर के नेतृत्व में अकादमी की इमारत पर अचानक छापा मारा। इस कार्रवाई में गोहाना सदर थाना पुलिस का भी सहयोग लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में संदिग्ध सामग्री बरामद की जिसमें एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, मोबाइल फोन और बड़ी संख्या में बांटे गए फर्जी प्रश्नपत्र शामिल थे। मौके से पुलिस ने दो आरोपित को गिरफ्तार किया जिनकी पहचान रोहतक के नीरज और सचिन के रूप में हुई है।

### नकली प्रश्नपत्र थे, वास्तविक से नहीं था मिलान

पुलिस जांच में कई बड़े खुलासे हुए है। यह तथ्य सामने आया कि गिरोह द्वारा बांटे गए प्रश्नपत्रों का वास्तविक परीक्षा में आए प्रश्नों से कोई मिलान नहीं था। इसका अर्थ यह है कि गिरोह ने केवल पैसे ऐंठने के लिए बाजार में उपलब्ध पुराने या बनावटी प्रश्नों का उपयोग किया था। पुलिस जांच में नीरज के भाई धीरज का नाम भी सामने आया है जिसने मोबाइल पर ये नकली प्रश्नपत्र भेजे थे। इसके अलावा पवन भारद्वाज और मुंडलाना निवासी आशीष ने अभ्यर्थियों को एकत्रित करने और उन्हें अकादमी तक सुरक्षित पहुंचाने का जिम्मा संभाला था।

**दिल्ली स्वास्थ्य विभाग में है नीरज, सचिन सेना से संबंधित :** पकड़े गए आरोपित का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि नीरज दिल्ली स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है जबकि सचिन बारुद्ध भंडार में टीमेट के पद पर तैनात है और उसका संबंध सेना से बताया गया है। एसीपी राहुल देव ने पत्रकारों को जानकारी दी कि इन आरोपित ने प्रत्येक अभ्यर्थी से परीक्षा पास कराने के नाम पर तीन से चार लाख रुपये में सौदा किया था। आरोपित का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को फर्जी प्रश्नपत्रों के जाल में फंसाकर उनसे मोटी रकम वसूलना था।

# देशभर में 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स के ईमेल आईडी और पासवर्ड लीक

- मप्र स्टेट साइबर पुलिस की एडवाइजरी में खुलासा

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** देशभर आम लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक हुए हैं। मध्य प्रदेश में तो वीवीआईपी और राजनेता भी असुरक्षित हैं। वे भी हैकर्स के निशान पर हैं। साइबर पुलिस की ऑनलाइन सर्चिंग बेवसाइट (हैव आई बीन पॉन्ड)से खुलासा हुआ है। भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से लेकर दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी का भी ईमेल हैक करने की कोशिश की गई है। वहीं, मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और ईओडब्ल्यू डीजी का ईमेल पूरी तरह से सिक्योर है। साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने 'हरिभूमि' को बताया कि 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश साइबर सेल को 68 करोड़ लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक होने की जानकारी मिली थी। तत्काल लोगों को अलर्ट करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई।

# 9 दिन बाद खुशियां ही खुशियां अब आएगा आठवां वेतनमान

- सैलरी में 20 से 35 फीसदी होगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 2026 एक अहम साल होने वाला है। 7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा है और इसके साथ ही 8वें पे कमीशन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हर किसी के मन में एक ही सवाल है कि अब सैलरी कितनी बढ़ेगी और पैसा कब मिलेगा? सरकार ने 8वें वेतन आयोग को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्टूबर 2025 में इसके लिए जरूरी शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद आयोग को सैलरी, भत्तों और पेंशन से जुड़ी सिफारिशें तैयार करने के लिए करीब 18 महीने का समय दिया गया है यानी रिपोर्ट आने में थोड़ा वक्त लगना तय है। 6वें वेतन आयोग में औसतन करीब 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि 7वें में यह बढ़ोतरी लगभग 23 से 25 फीसदी के बीच रही थी। 8वें पे कमीशन में सैलरी बढ़ोतरी 20 से 35 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद जताई जा रही है।



## खबर संक्षेप


गुरुग्राम। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### परोसी जा रही शराब, 16 नाइजीरियन सहित 18 धरे

**गुरुग्राम।** भोंडसी थाना पुलिस ने विदेशियों को शराब परोसने, जुआ खिलाने वाले एक फार्म हाउस में रेड की है। पुलिस ने मौके से 16 विदेशी नागरिकों सहित फार्म हाउस के बाउंसरों को काबू किया है। पुलिस ने 03.20 लाख की नगदी सहित पांच लाख से ज्यादा की शराब बरामद की है। मामलें गिरफ्तार सभी 16 सभी विदेशियों को पुलिस डिपोर्ट करेगी। दरअसल, भोंडसी थाना पुलिस को सूचना मिली कि बहल्पा ग्रीन स्थित ऐलाजेंट फार्म हाउस में विदेशियों को एकत्रित करके पार्टी की जा रही है। जिसमें उन्हें अवैध रूप से शराब परोसने के साथ जुआ खिलाया जा रहा है।

### फैक्ट्री की छत से गिरकर युवक की मौत

**बल्लभगढ़।** थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आईएमटी चौकी इलाके में सेक्टर-69 स्थित प्लॉट नंबर 207 में हेली रिनूवर एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में काम के दौरान पहली मंजिल से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। यह घटना 22 दिसंबर को दोपहर करीब 1.30 बजे की है।

### पांच साल की बच्ची को टैंकर ने कुचला

**फरीदाबाद।** नेहरू कॉलोनी में मस्जिद चौक के पास सोमवार सुबह एक हादसे में 5 साल की बच्ची की पानी के टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब बच्ची मदरसे में पढ़ाई के लिए पैदल जा रही थी। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

### डीजे पर डांस करते युवक को आया हार्ट अटैक, हुई मौत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-75 स्थित डीमार्ट मॉल में कंपनी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान डीजे पर डांस करते समय 23 वर्षीय युवक की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान देवकीनंदन के रूप में हुई है, जो पिछले चार वर्षों से इसी मॉल में कार्यरत था। यह पूरी घटना रविवार रात करीब 9.15 बजे मॉल के बेसमेंट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां डीजे लगाया गया था और कर्मचारी डांस कर रहे थे।

**अधिसूचना जारी:** मुख्यमंत्री ने 16 दिसंबर को हांसी को 23वां जिला बनाने की थी घोषणा

# हांसी के जिला बनने से विकास में आएगी तेजी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

### अब बास, नारनौंद हांसी 3 तहसील हांसी जिले में गिनी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हरियाणा में सोमवार से 23 जिले होंगे। हांसी को अलग जिला बनाने का नोटिफिकेशन जारी हो गया है। मुख्यमंत्री ने 16 दिसंबर को ऑटो मार्केट में आयोजित विकास रैली में हांसी को जिला बनाने को घोषणा की। मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सोमवार को हांसी को जिला बनाने का लेटर जारी किया है। वित्तायुक्त द्वारा जारी लेटर में लिखा है कि रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 की धारा 5 के साथ पठित हरियाणा भू-राजस्व अधिनियम 1887 की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा के राज्यपाल इसके द्वारा हिसार जिले की सीमाओं को परिवर्तित करते हैं और उसके उपमंडलों की संख्या बदलते हैं ताकि हांसी नाम से नया जिला बनाया जा सके, जिसमें हांसी और नारनौंद उपमंडल शामिल होंगे।

#### हिसार की सीमाएं हो जाएंगी कम

हांसी को जिला बनाने का नोटिफिकेशन जारी करने के बाद से हिसार की सीमाएं कम हो जाएंगी। हिसार में 6 तहसील और 3 उप-तहसील हैं। तहसील हिसार, हांसी, नारनौंद, बरवाला, बास आदमपुर तथा बालसमंद, उकलाना और खेड़ी जालब उप-तहसील हैं। हांसी जिला बनने से 3 तहसील अलग हो जाएगी अब बास, नारनौंद, हांसी अलग जिले में गिनी जाएगी। हिसार में हिसार और बरवाला उपमंडल रह जाएगा। इसके अलावा हांसी में नारनौंद और हांसी दो उपमंडल गिने जाएंगे।




#### हांसी जिले में आने वाले गांव

हांसी जिले के अन्तर्गत हांसी शहर, अनीपुरा, बडाला, बांडाहेडी, बाडा जग्गा, बड़छप्पर, बास आजमशाहपुर, बास अकबरपुर, बास बादशाहपुर, बास ख़ुर्द बिजान, भकलाना, भैणी अमीरपुर, भाटला, भाटोल जाटान, भाटोल रागडान, बीड हांसी, बुडाना, चानौत, डाटा, दयाल सिंह कॉलोनी, देपल, दाहिमा, ढाणा खुर्द, ढाणा कलां, ढंढेरी, ढाणी ब्राह्मणान माजरा राजपुरा, ढाणी गुजरान, ढाणी केंदु, ढाणी कुम्हारान, ढाणी कुन्दनपुर, ढाणी पाल, ढाणी पीरान, खेड़ा रांगडान, खेड़ी गगन, खेड़ी जालब, खेड़ी लोहचब, खेड़ी रोज और खेड़ी श्योराण, गैबी नगर, कोथ कलां, कोथ खुर्द, कुलाना, कुम्भा, कुतुबपुर, लालपुरा, लोहारी राघो, मदन हेडी, माढा, मेहंदा, महजद, माजरा, मामनपुरा, मसूदपुर, मिलकपुर, मिर्चपुर, मोहला, मोठ करनैल साहब, मोठ रांगडान, मुजादपुर, नाडा, नारनौंद, नारनौंद औंगशाहपुर, पाली, पेटवाड़, प्रेमनगर, ढाणी पीरावाली, ढाणी पुरिया, ढाणी राजू, ढाणी सकरी, ढाणी ठाकरिया, धर्मखेड़ी, गढ़ी, गढ़ी अजिमा, गामड़ा, घिराय, गुराना, हैबतपुर, हाजमपुर, जमावड़ी, जामनी खेड़ी, जीतपुरा, कागसर, कंवारी, कापड़ो, खांडा खेड़ी, खानपुर, खरबला, खरकड़ा, पुट्ठी मंगलखां, पुट्ठी समैण, राजपुरा, राजथल, राखी खास, राखी शाहपुर, रामायण, रामपुरा, रोशन खेड़ा माजरा खरबला, सैनीपुरा, शेखपुरा, सिंधड़, सिंघवा खास,सिंघवा राघो, सीसर, सिसाय बोला, सिसाय कालीरावण, सोरखी, सुलचानी, सुल्तानपुर, थुराना, उगालन तथा उमरा गांव शामिल है।

#### हांसी में डीसी बैठेंगे, नई योजनाएं आएंगी

हांसी के जिला बनने के बाद यहां कई चीजें बदल जाएंगी। हांसी के लोगों को अब प्रशासनिक कामों और डीसी से मिलने के लिए हिसार नहीं जाना होगा। जिला बनने के बाद हांसी में ही डीसी बैठेंगे। इसके साथ ही मुकदमों की पैरवी के लिए हिसार जिला कोर्ट भी नहीं आना पड़ेगा। हांसी में जिला एवं सत्र न्यायालय का गठन होगा और जिला न्यायाधीश भी यहां बैठेंगे। इसके अलावा हांसी के जिला बनने से इलाके का विकास तेजी से हो सकेगा। सरकार जिले के विकास के लिए नई योजनाएं लाएगी, जिससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और जीवन स्तर में सुधार होगा।

#### यह होगा हांसी जिले में

हांसी जिला में हांसी और नारनौंद विधानसभा क्षेत्रों के कुल 110 गांव शामिल किए जाएंगे, जो वर्तमान में हिसार जिले का हिस्सा हैं। नए जिले में दो उपमंडल हांसी और नारनौंद होंगे, जिन्हें हिसार जिले से अलग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित जिले में 3 तहसीलें हांसी, नारनौंद और बास होंगी। एक उप-तहसील खेड़ी जालब भी शामिल होगी। जिले में तीन ब्लॉक हांसी-1, हांसी-2 और नारनौंद होंगे। जिला हांसी का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 1,34,976 हेक्टेयर होगा और हांसी जिले की अनुमानित जनसंख्या लगभग 5,40,994 है।

*युवती ने सोशल मीडिया पर की दोस्ती, बुलाकर बनाई वीडियो, 5 लाख ठगे, 2 युवतियों समेत 4 गिरफ्तार*

# भिवानी में हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़


भिवानी। पुलिस हिरासत में हनीट्रैप की आरोपी महिला व पुरुष। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पुलिस की सीआईए टीम द्वितीय ने हनीट्रैप मामले में दो महिला व दो युवकों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीएसपी महेश कुमार ने बताया कि विगत में प्रिया नाम की गिरोह की सदस्या ने हिसार के युवक देंवेंद्र को दस अक्तूबर को व्हटसएप कॉल की और अपनी मीठी मीठी बातों में उलझा लिया। बाद में प्रिया ने देवेंद्र को 25 अक्तूबर को कॉल करके भिवानी अपने घर बुलाया। देवेंद्र भिवानी पहुंचा तो प्रिया हनुमान ढाणी इलाके में एक घर में ले गई। वहां पर प्रिया ने पहले देवेंद्र के कपड़े उतरवाए और उसके बाद खुद बाथरूम में जाकर अपने कपड़े उतार दिए। इसी दौरान प्रिया ने अपने दो साथियों को भी बुला लिया। पुलिस के अनुसार जब प्रिया की कॉल पर राहुल व संदीप नाम युवक अंदर पहुंचते ही उन्होंने प्रिया व देवेंद्र की नग्न वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपियों ने उससे दस लाख रुपये मांगे। डीएसपी ने बताया कि देवेंद्र ने दस लाख रुपये देने से मना कर दिया तो पांच लाख रुपये में सौदा तय हो गया। आरोपियों ने 99 हजार रुपये यूपीआई तथा 2-2 लाख रुपये के चेक ले लिए।

#### आरोपियों से पूछताछ की जा रही

पीड़ित देवेंद्र ने इस मामले में 19 दिसम्बर को शहर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर सीआईए द्वितीय ने दो महिला व दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रिया, सिमी, राहुल व संदीप के रुप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकारा कि अभी तक वे चार पांच लोगों को ठग चुके है। इनके अलावा उक्त गिरोंह के दो-तीन लोग फरार है। जिनको जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। -महेश कुमार, डीएसपी

शहर थाने में दर्ज करवाई शिकायत

*आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग का तंज*

# अरावली व प्रदूषण पर चुप्पी, अविश्वास प्रस्ताव बना राजनीतिक ड्रामाः ढांडा

***अरावली के विनाश पर सरकार की चुप्पी यह साबित करती है कि पर्यावरण भाजपा की प्राथमिकता में ही नहीं***


अवैध माइनिंग और वेस्ट डंपिंग पर सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन जब सदन में पर्यावरण, प्रदूषण और अरावली पर्वतमाला के संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस चर्चा होनी चाहिए थी, तब बीजेपी सरकार पूरी तरह खामोश रही। उन्होंने कहा कि अरावली के विनाश पर सरकार की चुप्पी यह साबित करती है कि पर्यावरण बीजेपी की प्राथमिकता में ही नहीं है। अनुराग ढांडा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरावली की नई परिभाषा स्वीकार किए जाने के बाद स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है, क्योंकि अब केवल 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियां ही अरावली मानी जाएंगी। इससे अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगा और अवैध खनन, रीयल एस्टेट गतिविधियों तथा जंगलों की कटाई को खुली छूट मिल जाएगी। हरियाणा में 1992 की अरावली नोटिफिकेशन के तहत विशेष संरक्षण प्राप्त Section Identified Region क्षेत्रों में भी खुलेआम अवैध माइनिंग और वेस्ट डंपिंग जारी है, लेकिन बीजेपी सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार माइनिंग माफिया और रीयल एस्टेट लॉबी की गोद में बैठी हुई है। अरावली केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर की लाइफलाइन है, जो थार रेगिस्तान को रोकती है, ग्राउंडवाटर रिचार्ज करती है और प्रदूषण से लड़ने में प्राकृतिक ढाल का काम करती है। महेंद्रगढ़, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे जिलों में संसेटिव क्षेत्रों में अवैध खनन के कारण ग्राउंडवाटर लेवल 1500 से 2000 फीट तक गिर चुका है।

*साइबर क्राइम की गाड़ी से मिली थी छह लाख की नकदी, राजस्थान पुलिस ने की थी जब्त*

# एसपी ने किया तीनों पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजस्थान में सिरसा साइबर क्राइम पुलिस की गाड़ी में छह लाख रुपये नगदी मिलने के मामले में सिरसा के एसपी ने तीनों कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सोमवार को कहा कि गैर कानूनी काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह पुलिस विभाग को हो या कोई भी दूसरा प्रभावशाली। उल्लेखनीय है कि राजस्थान की एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने सिरसा के साइबर क्राइम पुलिस की गाड़ी से छह लाख रुपये बरामद किए थे। जैसे ही सिरसा एसपी को इसकी घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत तीनों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड किए गए पुलिस कर्मचारियों में पीएसआई सुरेंद्र, हेड कॉस्टेबल वीरेंद्र व कॉस्टेबल जगजीत सिंह शामिल है। जानकारी के मुताबिक सप्ताहभर पहले सिरसा में एक व्यक्ति ने खाते से ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज कराया था। दोनों आरोपी राजस्थान के उदयपुर व राजसमंद क्षेत्र के रहने वाले थे। सिरसा साइबर थाना की टीम ने इन आरोपियों को पकड़ने दबिश दी।


हरियाणा सरकार

## किसान भाइयों से अपील

यूरिया व डी.ए.पी. उर्वरक की खरीद पर जबरदस्ती टैगिंग न स्वीकारें

किसान भाइयों, आपके संज्ञान में लाया जाता है कि यूरिया, डी.ए.पी. एवं अन्य सब्सिडी वाले उर्वरक केवल निर्धारित एम.आर.पी. पर ही बेचे जा सकते हैं। इन उर्वरकों के साथ किसी भी प्रकार की अन्य खाद, दवा, बायो-स्टिमुलेंट, कीटनाशक, बीज या कोई अन्य उत्पाद जबरन 'टैग' करके बेचना उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 नियमों के विरुद्ध है। यदि कोई विक्रेता/डीलर आपको यूरिया या डी.ए.पी. देने के बदले में अन्य उत्पाद जबरन लेने के लिए कहता है, तो आपको पूर्ण अधिकार है कि आप ऐसी टैगिंग को मना कर सकते हैं। ऐसी जबरदस्ती या अनियमितता की स्थिति में तुरंत नजदीकी कृषि विकास अधिकारी / खंड कृषि अधिकारी / उप निदेशक कृषि के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं।

आपकी सजगता से ही किसान समाज को अनावश्यक आर्थिक बोझ एवं शोषण से बचाया जा सकता है। कोई भी उर्वरक केवल उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही खरीदें, टैगिंग के दबाव में आकर नहीं।

साथ ही आप विभाग के टोल फ्री नम्बर पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

टोल फ्री नं. 1800 180 2117

निदेशालय दूरभाष 0172-2568754 0172-590094

| उप कृषि निदेशक | फोन नं. |
|---|---|
| अंबाला | 0171-2530517 |
| भिवानी | 9996895327 |
| चरखी दादरी | 9416212901 |
| फरीदाबाद | 0129-2288024 |
| फतेहाबाद | 01667-231122 |
| गुरुग्राम | 0124-2322441 |
| हिसार | 01662-225713 |
| झज्जर | 01251-254330 |
| जींद | 01681-297977 |
| कैथल | 01746-235756 |
| करनाल | 0184-2272623 |

| उप कृषि निदेशक | फोन नं. |
|---|---|
| कुरुक्षेत्र | 01744-220504 |
| महेंद्रगढ़ | 01282-250312 |
| नूहं | 0126-7274702 |
| पलवल | 01275-254060 |
| पंचकूला | 0172-2560056 |
| पानीपत | 0180-2664398 |
| रेवाड़ी | 01274-297378 |
| रोहतक | 01262-274431 |
| सिरसा | 01666-222371 |
| सोनीपत | 0130-2222413 |
| यमुनानगर | 01732-237816 |

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


# सिरसा का जवान गुवाहाटी में शहीद, आज होगा अंतिम संस्कार

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव ढूकड़ा के जवान सुरजीत सिंह गुवाहाटी के सीवान में शहीद हो गया है।


शहीद जवान सुजीत सिंह।

सुरजीत सिंह शस्त्र सीमा बल (एसएसबी)में तैनात थे और ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में ट्रक पलटने से शहीद हो गए। यह दुखद समाचार मिलने पर गांव में मातम का माहौल है। उल्लेखनीय है कि 15 दिन की छुट्टी के बाद सुरजीत सिंह 20 दिसम्बर को ही ड्यूटी पर गए थे और यह सोमवार को यह दुखदायी खबर गांव में पहुंची। सुरजीत की पार्थिव देह मंगलवार को गांव पहुंचेगी। ग्रामीणों ने बताया कि सुरजीत फौजी केवल एक साहसी सैनिक ही नहीं थे, बल्कि वे गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत, मार्गदर्शक और आदर्श व्यक्तित्व थे। उन्होंने गांव में खेल ग्राउंड के लिए निरंतर प्रयास किए और आर्मी की तैयारी कर रहे बच्चों से उनका विशेष लगाव रहा। वे हमेशा युवाओं को अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास और देशभक्ति के मार्ग पर आगे बढने की प्रेरणा देते रहे। उल्लेखनीय है कि गांव ढुकड़ा निवासी भंवरलाल के तीन बेटों में सुरजीत सिंह सबसे बड़े थे और 2013 में फौज में भर्ती हुए थे।

### भिवानी में रेप के दोषी को 20 साल की सजा व जुर्माना

**भिवानी।** सोमवार को एडीजे सुरुचि अटरेजा सिंह के द्वारा आरोपी को सुनाई गई सजा। जिला भिवानी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी,



जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दो जुलाई 24 को उनके घर में घुसकर उनकी नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। जो इस शिकायत पर थाना लोहारू पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना लोहारू में दर्ज किया था। थाना लोहारू पुलिस के द्वारा अभियोग अंकित करने के पश्चात तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था जो न्यायालय ने आरोपी को ट्रायल के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को 20 वर्ष कैद व 30, 000 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

*भारतीय पुरातत्व उत्खनन विभाग शाखा दो ग्रेटर नोएडा करेगी खुदाई*

# राखीगढ़ी में जनवरी से टीलों पर खुदाई होगी शुरू, पुरानी साइटों को महोत्सव के लिए खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हड़प्पा कालीन सभ्यता को लेकर विख्यात राखीगढ़ी में एक बार फिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग जनवरी से खुदाई करने का काम करेगा। तीन टीलों पर खुदाई करने की योजना है। पुरानी साइटों को भी खोलने का काम किया जा रहा हैं। राखी राखीगढ़ी महोत्सव में आने वाले पर्यटक इन साइटों को देख सके। सबसे महत्वपूर्ण साइट टीला एक और तीन को माना जाता है। टीलें एक पर खुदाई के दौरान काफी भट्ठियां पाई गई है। यह उनका व्यापारिक क्षेत्र था। टीले तीन पर उन लोगों के कच्चे मकान पाए गए हैं। पिछली बार भारतीय पुरातत्व


नारनौंद। राखी गढ़ी की साइट।

विभाग नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. संजय कुमार मंजुल के नेतृत्व में खुदाई की गई थी अब की बार भारतीय पुरातत्व उत्खनन विभाग शाखा दो ग्रेटर नोएडा की तरफ से खुदाई की जाएगी। जोकि जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगी।

पहली बार खुदाई में यह सामने आया था कि ये पूरी दुनिया की सबसे बड़ी साइट हैं। यह सभ्यता शहरी होने से पहले यहां पर ग्रामीण लोगों की बसासत होती थी। सबसे पहले गोलाकार आकार के मिट्टी से बने हुए मकान थे। उसके बाद करीब छह हजार साल पहले कच्ची ईंटों का प्रचलन शुरू हुआ और फिर उन्हें ईंटों को पकाकर पक्के मकान बनाने की शुरुआत हुई थी। शुरू में यहां के लोगों का मुख्य धंधा खेती होता था।

#### पहले टीले नंबर 1 व 3 को खुदाई शुरू होगी

भारतीय पुरातत्व उत्खनन विभाग शाखा दो ग्रेटर नोएडा के सुपरीटेंडेंट मनोज सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले बरस के पहले सप्ताह में खुदाई का काम शुरू हो जाएगा। टीले नंबर एक और तीन पर सबसे पहले खुदाई शुरू की जाएगी। उसके बाद यह भी देखे जाएगा कि राखी गढ़ी में ये सभ्यता कितने क्षेत्र में फैली हुई हैं।

#### राखी गढ़ी में कब-कब हुई खुदाई

राखी गढ़ी में सबसे पहले साल 1997 से 2000 तक भारतीय पुरातत्व विभाग के डायरेक्टर अमरेंद्र नाथ की अगुवाई में खुदाई हुई थी। दूसरी बार डेक्कन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर वसंत शिंदे ने साल 2003 से 2006 तक की थी। तीसरी बार भी प्रोफेसर वसंत शिंदे के नेतृत्व में वर्ष 2013 से 2016 तक अलग अलग टीलों पर की गई। उसके बाद 2020 से लगातार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग दिल्ली के महानिदेशक डॉ संजय कुमार मंजुल के नेतृत्व में जून 2025 तक की गई।

# इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े : अश्विनी वैष्णव

**केंद्रीय मंत्री ने दी जानकारी**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। उन्होंने रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है।




### 20 हजारा करोड़ का निवेश

इस प्लांट में परीक्षण उत्पादन इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है। ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

### हो रहा महिला सशक्तिकरण

वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, महिला सशक्तिकरण और जीवन की सुगमता पूरी तरह से प्रदर्शित हो रही है।



### विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके पास मौजूद भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी पर आधारित होता है। देश के विकास और प्रगति में आईआईटी और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से सलाह लेते हैं। उनकी विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार्य होता है।



# पर्यावरण की अनदेखी नहीं, नया खनन पट्टा प्रतिबंधित, चंद लोग फैला रहे 'गलत' सूचना

**अरावली विवाद पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का स्पष्टीकरण**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वत श्रृंखला पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं का खंडन किया है। मंत्री ने कहा कि अरावली हमारे देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। पीएम की अगुवाई वाली सरकार हमेशा से हरी-भरी अरावली को बढ़ावा देती रही है। कुछ लोग कोर्ट के फैसले पर जानबूझकर गलत सूचना फैला रहे हैं, लेकिन मैंने फैसले को गंभीरता से पढ़ा है। स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई छूट नहीं दी गई है। भूपेंद्र यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर फैसला दिया है।



### विरोध प्रदर्शन तेज होगा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर में कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की उच्चतम न्यायालय में अरावली पर्वतमाला को 'पुनर्परिभाषित' करने वाली रिपोर्ट के खिलाफ पूरे राज्य में अपने विरोध प्रदर्शन तेज करेगी। नई परिभाषा से कानूनी सुरक्षा नहीं मिलने के करण 90 प्रतिशत पर्वतमाला नष्ट हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक समिति की अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की परिभाषा पर सिफारिशों को 20 नवंबर को स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया।

**100 मीटर से अधिक की आकृति अरावली पहाड़ी**

मंत्री यादव ने बताया कि 100 मीटर का मुद्दा 'ऊपर से नीचे' तक है, यानी आसपास की जमीन से 100 मीटर या ज्यादा ऊंची भू-आकृति ही अरावली पहाड़ी मानी जाएगी। इसके आधार से लेकर पूरी ढलान तक का क्षेत्र संरक्षित होगा। अगर दो पहाड़ियां 500 मीटर के दायरे में हैं, तो बीच का क्षेत्र भी अरावली रेंज का हिस्सा होगा। एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं है। नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा।

### वन्यजीव अभयारण्य सुरक्षित रहेंगे

अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा।

### निगरानी और मजबूत होगी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फैसले में सभी गलत आरोपों और अफवाहों को स्पष्ट कर दिया गया है। अवैध खनन ही अरावली के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अब निगरानी और मजबूत होगी। सरकार ग्रीन अरावली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। फैसले से चारों राज्यों में एकसमान नियम लागू हुए हैं, जो पहले दुरुपयोग का कारण बन रहे थे। इनमें सुधार करने की जरूरत है।

**केंद्र सरकार पर बरसीं सीएम ममता**

# भाजपा के दबाव में आयोग 1.5 करोड़ वोटर्स का नाम हटा रहा



सीएम ममता बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। भाजपा 1.5 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। सीएम ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ेंगे

सीएम ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। मतुआ समुदाय के मताधिकार को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह बिना बंगाल सरकार को जानकारी दिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर रही है और भाजपा के हित साध रही है। केवल टीएमसी के कार्यकर्ता ही राज्य में भाजपा की पैठ रोक सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बंगाल में मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है।

### निलंबित विधायक कबीर ने बनाया नया दल



पश्चिम बंगाल के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को अपनी नई राजनीतिक पार्टी जनता उन्नयन पार्टी का गठन किया। यह कदम उन्होंने ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस से निलंबन के कुछ दिन बाद उठाया। उन्हें मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद जैसी मस्जिद की आधारशिला रखने को लेकर पार्टी से निलंबित किया गया था। बेलडांगा में आयोजित जनसभा में कबीर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि वे खुद मुर्शिदाबाद की रेजीनगर और बेलडांगा सीट से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर अंतिम फैसला बाद में होगा।

**देश के इतिहास में ऐसा पहली बार**

# केरल के जिला अस्पताल में होने जा रहा हार्ट ट्रांसप्लांट

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम


केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि, देश के स्वास्थ्य क्षेत्र के इतिहास में पहली बार जिला-स्तरीय अस्पताल में हार्ट ट्रांसप्लांट होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक 46 साल के व्यक्ति का रोड एक्सीडेंट हुआ था। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। अब उसका दिल किसी जरूरतमंद को लगाया जाएगा और ये प्रक्रिया पहल बार किसी जिला स्तरीय अस्पताल में होने जा रही है। वीना जॉर्ज ने बताया कि एक्सीडेंट के कारण ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिवार ने डोनेशन प्रक्रिया के जरिए अंग दान करने पर सहमति जताई है। तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम के निर्देश पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से दिल को एर्नाकुलम ले जाएंगे।



### नगर परिषद चुनाव में महायुति ने बांटे 15 हजार करोड़ रुप



**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चुनावों में देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार के महायुति गठबंधन ने मतदाताओं को पैसे बांटे। इस दौरान लगभग 15 हजार करोड़ रुपये उड़ा दिए गए। पैसे को पानी की तरह बहाया गया। बता दें, महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने रविवार को 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव में अध्यक्ष के 207 पदों पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे कह रहे हैं कि उनकी शिवसेना ही असली है। चुनाव चिन्ह और पार्टी का मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। केंद्र के दबाव में कोर्ट फैसला नहीं दे रहा है।

## चिंतन

# सभी को नए अवसर देगी न्यूजीलैंड से फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कारोबारियों से लेकर किसानों और छोटे उद्यमियों यानी एमएसएमई तक को लाभ पहुंचाएगा। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और सांझा अवसर बढ़ेंगे। इस नई ट्रेड डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत में आने वाले करीब 95 फीसदी उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को या तो हटा दिया जाएगा या बहुत कम कर दिया जाएगा, जिससे व्यापार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। दोनों देशों का लक्ष्य अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर और दीर्घकालिक वृद्धि मिल सकेगी। वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत में निवेश बढ़ाने का भरोसा जताया है। न्यूजीलैंड अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, इससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बल मिलेगा। यह व्यापार समझौता मार्च 2025 में तब शुरू हुआ जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। दोनों देशों ने इस समझौते को अपने आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। अब उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता आर्थिक जुड़ाव को और बढ़ाएगा, बाजारों तक पहुंच आसान करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। इससे नए आविष्कार करने वालों, कारोबारियों, किसानों, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कई सेक्टर में अवसर पैदा होंगे। साथ ही छात्रों और युवाओं को भी मौके मिलेंगे। यह डील लागू होने के बाद न्यूजीलैंड को भारतीय सामानों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह करार मजदूरों, कारीगरों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे व्यवसायों और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही कपड़ा, ऊन, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे उद्योगों को मौके देगा। इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, दवाइयां और रसायन जैसे उत्पादन से जुड़े उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। इस डील का मॉडल यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) जैसा ही होगा। इस प्रस्तावित निवेश से मेन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, इनोवेशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के निवेश परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। यह समझौता खेती-किसानी पर भी खास ध्यान देता है। भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड के बाजार में फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड जैसे उत्पादों को बेचने के बेहतर मौके मिलेंगे। 'एग्रीकल्चरल प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप' (कृषि उत्पादकता साझेदारी), 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच जैसी पहलों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, गुणवत्ता सुधरेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड के बीच माल का व्यापार 1.3 अरब डॉलर था। वहीं, 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर था, जिसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर था। बता दें कि पिछले 5 साल में भारत की यह 7वीं फ्री ट्रेड डील है। इससे पहले 2021 में मॉरीशस, 2022 में ऑस्ट्रेलिया, 2022 में यूएई, 2024-25 में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), 2025 में ब्रिटेन व ओमान व अब न्यूजीलैंड के साथ डील हुई है। इससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है और देश के विकास को और बेहतर मौके मिलेंगे।

# समय की जरूरत रोजगार गारंटी कानून



योजना
डॉ. अश्विनी महाजन

संसद में मनरेगा को विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी–जी राम जी) के नाम से पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है?

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, एक अधिकार-आधारित योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक कार्य देने की बाध्यता है और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। दुनिया भर में कहीं भी ऐसी रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है।

सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 जैसे झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो, लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सड़कें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी।

समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ाकर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अच्छा है। 2005 से अभी तक देश में बहुत बदलाव आ चुका है, ऐसे में सरकार का मानना है कि मनरेगा कानून में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हालांकि विधेयक में मनरेगा में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन तक और वनवासी क्षेत्रों में तो 150 दिनों तक रोजगार देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब उसका वित्तीयन अकेले केंद्र सरकार नहीं बल्कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का दायित्व होगा। गौरतलब है कि 2005 केंद्रीय राजस्व में राज्य सरकारों का हिस्सा मात्र 32 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो चुका है। 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के हिस्से को यही कहकर बढ़ाया था ताकि वे योजना का भार वहन कर सकें। लेकिन नरेगा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो पहले ही बन चुका था, उसमें राज्यों पर इसका भार नहीं



डाला जा सकता था। हालांकि, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (नरेगा) 2005 में पास हुआ था और इसे 2006 में लागू किया गया। 2009 में तब की यूपीए की सरकार ने इसका नामकरण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था, और अब जब इस योजना का नया रूप संसद ने प्रस्तावित किया है और नाम में बदलाव होना भी स्वाभाविक था, जो इत्तेफाक से भगवान राम के नाम से मिलता-जुलता है। इसी बात का विपक्ष विरोध कर रहा है।

मनरेगा का उद्देश्य बेरोजगारी के दिनों में आय-सुरक्षा देना था, परंतु यदि कृषि मौसम में श्रमिक मनरेगा की ओर आकर्षित रहते थे। ऐसे में खेतों में श्रमिकों की कमी के चलते मजदूरी लागत बढ़ जाती है, जिससे किसान की लागत में वृद्धि हो जाती है और खेती की प्रतिस्पर्धात्मकता घटती है। इस नए विधेयक में इस समस्या का समाधान निकाला गया है और रोजगार गारंटी कार्यक्रम में खेती के लिए आवश्यक 60 दिनों में इस कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही अब इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यों में भी समय के साथ बदलाव करते हुए अब उसमें आज की आवश्यकता के अनुरूप, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजी-रोटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं को कम करने को शामिल करने के साथ-साथ, इन योजना को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के साथ भी जोड़ा गया है।

मनरेगा का सबसे बड़ा दोष यह था कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसमें भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा था। ग्राम पंचायत और खंड स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण बड़ी मात्रा में सरकारी धन की लूट हो रही थी, ऐसी कई योजनाएं ध्यान में आती थी जिसमें है कागजों पर ही तमाम निर्माण हो जाते थे, जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं होता था। नए अधिनियम में भ्रष्टाचार को बाहर रखने के लिए प्रावधान रखा गया है कि नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रावधान है, जिसमें लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना निर्माण एवं निगरानी के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय में निगरानी के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उसमें भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगाया गया है, उसी तर्ज पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए रोजगार गारंटी योजना में भी भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

देश में कई विशेषज्ञों द्वारा मनरेगा का विरोध इस लंबे व्यू से हो रहा था कि इसके चलते कृषि और उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो रही है, हालांकि कृषि में तो श्रमिकों की कमी की समस्या को कुछ हद तक नए अधिनियम में हल करने का प्रयास हुआ है, लेकिन मनरेगा के कारण उद्योगों और कृषि की सहायक गतिविधियों हेतु श्रमिकों की कमी के समाधान का की समस्या के समाधान का भी प्रयास करना जरूरी था। विपक्ष संसद में नामकरण जैसे गैर जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाए यदि नए अधिनियम में देश की आवश्यकता के अनुरूप प्रावधान शामिल कराने हेतु बहस करता तो मनरेगा के इस नए अवतार में कुछ और सुधार भी शामिल किए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बलिदान दिवस

आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# त्याग की प्रतिमूर्ति निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद

स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था। 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत प्रभावित हुआ। स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके वर्ष 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी।

इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया। इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। वर्ष 1917 में महात्मा मुंशीराम ने संन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी, इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का अंग्रेज सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी। इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था, ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इन्हीं स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया। गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पहुंचे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन प्रारंभ करके मुस्लिमों के भय से धर्म परिवर्तन करने वालों को पुनः अपने धर्म में शुद्धिकरण के माध्यम से प्रवेश करवाया। सर्वप्रथम आगरा के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म में वापसी करवाकर शुद्धि के इस महान आंदोलन का सूत्रपात किया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी का नाम आर्य जगत में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। स्वामी दयानंद के व्रत कथा संकल्प को पूर्ण करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से नाराज होकर स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। शुद्धि आंदोलन के कार्य से कुछ सांप्रदायिक लोग उनसे नाराज हो गए और 23 दिसंबर 1926 को एक मतांध सांप्रदायिक मुस्लिम ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद जीवन पर्यंत राष्ट्र, धर्म, जाति तथा अपने स्वर्णिम वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु प्रयासरत रहे। कल्याण मार्ग के पथिक, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का यह आदर्शमय तथा त्यागमय जीवन संपूर्ण आर्य जाति के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान है। स्वामी श्रद्धानंद का का जीवन पुरुषार्थ और कर्ममय था। देश और आर्य समाज के लिए स्वामी श्रद्धानंद का योगदान और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने हमेशा डटकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अंतिम क्षणों तक अपने पावन कार्यों के माध्यम से आर्य समाज की सेवा की। श्रद्धानंद जी का संपूर्ण जीवन युवा आर्य शक्ति को नई ऊर्जा, पुरुषार्थ तथा राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित
**दर्शन**

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

# जीवन का जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नागरिक चेतना से बचेगी प्रकृति

पर्यावरण संरक्षण की बहस अक्सर एक सुविधाजनक दिशा में मोड़ दी जाती है–सरकारें नीतियां नहीं बनातीं, मंत्रालय निष्क्रिय हैं, कानून कागजों तक सीमित हैं। यह आलोचना पूरी तरह गलत नहीं है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंत्रालयों का रिकॉर्ड देखें तो विकास परियोजनाओं के सामने प्रकृति अक्सर सबसे पहले बलि चढ़ती दिखती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, ज़हरीली हवा और भूजल का संकट– इन सबके लिए नीतिगत विफलता ज़िम्मेदार है। पर यह अधूरा सच है। पूरा सच यह है कि पर्यावरण संकट की जड़ें हमारी अपनी जीवन–शैली में गहरी धंसी हुई हैं। हमने पर्यावरण को सरकार का विषय मान लिया है, जैसे वह नागरिक जीवन से अलग कोई विभागीय फाइल हो। नागरिक चेतना जरूरी है। – *जिवेश पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के वरदराजन स्टारबक्स के सीटीओ बने

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी 'स्टारबक्स' ने भारतीय मूल के आनंद वरदराजन को अपना नया कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। करीब दो दशकों तक अमेजन में काम कर चुके वरदराजन को दुनियाभर में कॉफीहाउस श्रृंखला के लिए मशहूर इस कंपनी के वैश्विक प्रौद्योगिकी संचालन की कमान सौंपी गई है। स्टारबक्स के अनुसार, वरदराजन 19 जनवरी से पदभार संभालेंगे, कंपनी की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन निकोल के मातहत काम करेंगे। वह डेब हॉल लेफेवर का स्थान लेंगे, जो सितंबर में सेवानिवृत्त हुई थीं। अमेजन में अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल के दौरान वरदराजन ने बड़े पैमाने पर ग्राहक–केंद्रित प्रौद्योगिकी मंच विकसित किए। हाल के वर्षों में वह अमेजन के 'वर्ल्डवाइड ग्रॉसरी स्टोर' कारोबार के लिए प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'ओरेकल' में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में और कई स्टार्टअप के साथ भी काम किया। स्टारबक्स ने कहा कि वरदराजन को सुरक्षित और भरोसेमंद प्रणालियां विकसित करने तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर लागू करने का गहरा अनुभव है, जिसमें ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है।



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए हैं बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग–अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग–अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।



## ट्रेंड

### जनकल्याण को ऊंचाई देंगे



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट हुई। नरेंद्र मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण, विकास और सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मनरेगा की संरचना खत्म



नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्र राज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। सरकार ने मनरेगा की संरचना को नष्ट किया है।
-सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

### अधिकारी अयोग्य



एसआईआर पर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।
-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल

### मैं निराश नहीं



विकेट नहीं मिलने से मैं निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी। -वैष्णवी शर्मा, क्रिकेटर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### पिंकाथॉन में 115 दृष्टिबाधितों महिलाओं ने लगाई दौड़

**मुंबई।** पिंकाथॉन के 10वें सत्र के विभिन्न श्रेणियों में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधित महिलाओं के साथ 5,300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह किसी दौड़ स्पर्धा में दृष्टिबाधित महिलाओं की विश्व रिकॉर्ड संख्या है। दो दिवसीय आयोजन में सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी की दौड़ शामिल थीं। पियुषा लोहार ने तीन किमी की दौड़ 12:23 मिनट में जीती, उनके बाद ओवी पाटिल (13:00) और ज्योति पंजाबी (14:16) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पांच किमी वर्ग में यामिनी ठाकरे ने 18:18 मिनट के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया जबकि कोमल खांडेकर (20:16) और श्रेया ओझा (22:03) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पद्मा करांडे ने 10 किमी की दौड़ 42:06 मिनट के समय में जीती, जबकि अंचल मारवाह (48:16) और शालिनी सिंह (48:52) ने पोडियम पर अपनी जगह बनाई।

### विश्व कप में हारने के बाद हो गया था निराश

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि 2023 में खेले गए वनडे विश्व के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने



वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था क्योंकि उन्हें लगा कि 'इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है।' भारत ने घरेलू मैदान पर खेले गए इस वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था तथा लगातार नौ मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन इस महत्वपूर्ण मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाया था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रोहित ने कहा, 'वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है।'

### प्रणवी आईजीपीएल टूर में खेलेंगी जीव मिल्खा के साथ

**कोलंबो।** पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं प्रणवी उर्स कोलंबो में आयोजित होने वाले आईजीपीएल के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में दिग्गज जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा जैसे खिलाड़ियों को चुनौती देते दिखेंगी। प्रणवी ने 20 नवंबर को 'आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई' में जीत के साथ इतिहास रचा था। एशियाई टूर के शीर्ष खिलाड़ी ज्योति रंधावा भी पहली बार इस टूर्नामेंट में शामिल होंगें। वह अब जीव मिल्खा सिंह के साथ यूरोपीय लीजेंड्स टूर में खेलते हैं। मौजूदा सत्र में दो जीत दर्ज करने वाले गगनजीत भुल्लर और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे अमन राज शीर्ष स्थान पर अपनी जगह पक्की करने के लिए जोर लगाएंगे।



# एस्टन विला की लगातार 10वीं जीत, मैनचेस्टर को दी मात

## यूनाइटेड को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टल विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# बार्सिलोना की विलारियल पर आसान जीत



राफिन्हा-यामल ने दिलाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

राफिन्हा और लामिन यामल के गोल की बदौलत बार्सिलोना ने विलारियल की टीम को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। राफिन्हा ने 12वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। यह उनका लीग में इस सत्र का सातवां गोल था।

इसके बाद यामल ने 63वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया। उनका भी यह इस सत्र का सातवां गोल है। इस तरह से बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। विलारियल की हार के कारण एटलेटिको मैड्रिड ने तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उसने एक अन्य मैच में गिरोना को 3-0 से हराया।

## भारत बनाम श्रीलंका महिला टी-20 : आज शाम 7 बजे से दूसरा मैच

# श्रीलंका पर जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, फील्डिंग बनेगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 23 दिसंबर को होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरुप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

### हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे।' विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

### भारतीय टीम काफी मजबूत

कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया। शैफाली वर्मा के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है तथा वह उस प्रारुप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जो उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरुप है।

# घरेलू महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों के वेतन में भारी वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट में समान वेतन संरचना की ओर कदम बढ़ते हुए महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस दोगुनी से भी अधिक बढ़ा दी है। यह कदम भारत की पहली वनडे विश्व कप जीत के बाद उठाया गया है। इस वेतन वृद्धि को बोर्ड की शीर्ष परिषद ने मंजूरी दे दी है। संशोधित संरचना के अनुसार घरेलू टूर्नामेंटों में खेलने वाली सीनियर महिला क्रिकेटरों को अब प्रतिदिन 50,000 रुपये से 60,000 रुपये के बीच मिलेंगे, जो मौजूदा 20,000 रुपये (रिजर्व खिलाड़ियों के लिए 10,000 रुपये) प्रति मैच दिन से काफी अधिक है। सीनियर महिला घरेलू एक दिवसीय टूर्नामेंटों और बहुदिवसीय प्रतियोगिताओं में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रतिदिन 50,000 रुपये मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को इसकी आधी राशि यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंटों में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रति मैच 25,000 रुपये मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये मिलेंगे। बीसीसीआई के अधिकारियों के अनुसार कोई महिला क्रिकेटर पूरे सत्र के दौरान सभी प्रारूपों में खेलती है, तो वह 12 लाख से लेकर 14 लाख रुपये तक कमा सकती है। शीर्ष परिषद ने जूनियर महिला क्रिकेटरों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है। अंडर-23 और अंडर-19 श्रेणियों की खिलाड़ियों (एकादश में शामिल) को प्रतिदिन 25,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये मिलेंगे। अंपायर और मैच रेफरी सहित मैच अधिकारियों को भी इस तरह की बढोतरी का फायदा मिलेगा। घरेलू टूर्नामेंटों के लीग मैचों के लिए अंपायरों और मैच रेफरी के लिए प्रस्तावित आय प्रतिदिन 40,000 रुपये होगी। नॉकआउट मैचों के लिए प्रतिदिन का वेतन 50,000 रुपये से 60,000 रुपये के बीच होगा।

### साइ संचालन समिति ने देश भर के केंद्रों में बुनियादी ढांचे के उन्नयन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की संचालन समिति ने सोमवार को देश भर में कई अवसंरचना उन्नयन परियोजनाओं को मंजूरी दी जिनमें पश्चिम बंगाल में आठ लेन के सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक और बेंगलुरु केंद्र में 'क्लाइमेट न्यूट्रल (पर्यावरण के दुष्प्रभाव से रहित) हॉकी टर्फ का निर्माण शामिल है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने साइ (संचालन समिति) की इस बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा, " भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र अभी अपनी युवावस्था में है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए इसे हर संभव तरीके से मजबूत करना समय की मांग है।" उन्होंने कहा, " हम आज खिलाड़ी-केंद्रित निर्णय ले रहे हैं और इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ियों को सर्वोत्तम अवसंरचना मिले ताकि राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों में पदक जीतने के हमारे लक्ष्य को पूरा किया जा सके।"

# एमआई एमिरेट्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराया, शाकिब का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| दुबई

शाकिब अल हसन के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से एमआई एमिरेट्स ने तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। शाकिब (चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने वाइपर्स को सात विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। वाइपर्स की तरफ से डैन लॉरेंस ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की टीम पावरप्ले में लड़खड़ा गई लेकिन कीरोन पोलार्ड की 15 गेंदों पर खेली गई 26 रन की पारी ने मुकाबले का रुख निर्णायक रूप से पलट दिया। इसके बाद शाकिब (नाबाद 17) डटे रहे और उन्होंने विजयी चौका लगाकर



टीम का स्कोर 17.3 ओवर में छह विकेट पर 128 रन पर पहुंचाया।

# जाधव ने एयर राइफल में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन बबूता की पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने 252.1 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि बबूता ने 251.4 अंक के साथ रजत पदक जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन के रेलवे की टीम के साथी शाहू तुषार माने 209.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। हिमांशु (181.1), रामायण तोमर (166.7), ओंकार विकास वाघमारे (145.4) और प्रदीप सिंह (123.3) ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 251.6 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 323 रन से हराया, सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| माउंट माउंगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवे और अंतिम दिन सोमवार को 323 रन से बड़ी जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उसने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 43 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 138 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से डफी के अलावा अयाज पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट हासिल किया।



### डफी ने हैडली को छोड़ा पीछे

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी तरफ से कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में शतक लगाने का कारनामा किया। डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में 80 विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस श्रृंखला में 15.4 के औसत से 23 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा भी किया। डफी ने कहा, 'मैंने लंच के समय वह सूची देखी और उसमें कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम थे। इन खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना बेहद खास है।'

## यादें 2025 : एथलीटों की डोपिंग अपराधों की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

# 90 मीटर पार नीरज, पर रिकॉर्ड के साथ डोपिंग की परछाईं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फॉर्म में उतार चढ़ाव के बावजूद 90 मीटर तक भाला फेंकने के जादुई आंकड़े को छूने में आखिरकार सफल रहे लेकिन इस बीच वर्ष 2025 में भारतीय एथलेटिक्स को डोपिंग का डंक भी डसता रहा।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसी वर्ष टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी। इस प्रतियोगिता में युवा सचिन यादव ने चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया और इस तरह से भाला फेंक में विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की।



### महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी

भारतीय एथेलीट के लिए सकारात्मक पहलू यह रहा कि भारत ने दो विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी की। इनमें से एक में चोपड़ा ने मेजबानी की और जीत हासिल की। भारत ने इसके अलावा 2031 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित कुछ प्रमुख महाद्वीपीय और विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए बोली लगाई है।

### चोपड़ा ने जीते तीन बड़े खिताब

नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते। उन्होंने घरेलू दर्शकों और परिवार के सदस्यों के सामने एनसी क्लासिक के रूप में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अपना सपना साकार किया। इस स्टार खिलाड़ी को हालांकि डायमंड लीग फाइनल में निराशा हाथ लगी और वह जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन सबसे अप्रत्याशित परिणाम सितंबर में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और कुल मिलाकर आठवें स्थान पर रहे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी सचिन यादव (86.27 मीटर) ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

### एथलीटों पर डोपिंग का दंश

डोपिंग अपराधों के कारण अयोग्य घोषित किए गए एथलीटों की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बना हुआ है। डोपिंग के आरोप में पकड़े गए देश के कुछ शीर्ष एथलीटों में शिवपाल, पुणे हाफ मैराथन के विजेता प्रधान विलास किरुलाकर, फर्राटा धाविका शेखर धनलक्ष्मी और 2014 के एशियाई खेलों की पदक विजेता हैमर थ्रोअर मंजू बाला शामिल हैं। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने दो नाबालिगों पर तीन साल का प्रतिबंध भी लगाया है। भारतीय जूनियर टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया।


**उत्तर रेलवे**

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी आईआरईपीएस पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-53-2025 | दिनांक 05.01.2026 को 11:00 बजे | कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश) मोदी नगर = कुल 03 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण।
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आईआरपीएस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |
|---|---|

संख्या 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 Dated: 22.12.2025 3954/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## खबर संक्षेप

### इंडोनेशिया में बस पलटी 16 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक बस दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गई। वहीं दावा किया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। 34 लोगों को ले जा रही बस टोल रोड पर बेकाबू हो गई और एक कंक्रीट बैरियर से टकराकर पलट गई। यह इंटर-प्रोविंस बस राजधानी जकार्ता से देश के प्राचीन शाही शहर योग्याकार्ता जा रही थी, तभी यह पलट गई। दरअसल, सोमवार तड़के इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में एक पैसेंजर बस हादसे का शिकार हो गई।



### पीएम अल्बनीज ने यहूदी समुदाय से माफी मांगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बोंडी बीच पर यहूदियों के खिलाफ हुए आतंकवादी हमले को लेकर प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने माफी मांगी। बोंडी बीच पर यहूदियों के त्योहार पर आयोजित हनुक्का इवेंट में आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। पुलिस ने हमले के पीछे की प्लानिंग के बारे में नई जानकारी दी और जीवित बचे आरोपी को जेल भेज दिया। पीएम अल्बनीज ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस हमले के लिए अपनी गहरी जिम्मेदारी महसूस करते हैं।



### मॉस्कोः कार बम धमाके में रूसी जनरल की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक कार बम धमाका हुआ, जिसमें रूसी सेना के एक जनरल की मौत हो गई। रूसी जांचकर्ताओं ने कहा है कि वे पड़ताल कर रहे हैं कि क्या ब्लास्ट का संबंध यूक्रेनी स्पेशल फोर्सेज से है। मारे गए सैन्य अधिकारी का नाम लेफ्टिनेंट जनरल फेनील सारवारोव बताया गया है। वह रशियन जनरल स्टाफ के ट्रेनिंग विभाग के प्रमुख थे। सोमवार, 22 दिसंबर की सुबह हुए धमाके से कुछ ही घंटे पहले मियामी में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधियों के बीच युद्ध खत्म करने पर वार्ता हुई थी।

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एक और नया कीर्तिमान रचेगा

# इसरो कल बाहुबली रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसरो क्रिसमस से ठीक एक दिन पहले 24 दिसंबर को एक और नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। इसरो अपने सबसे शक्तिशाली बाहुबली रॉकेट एलव्हीएम 3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा। इस मिशन का नाम 'एलवीएम3 एम6 मिशन' रखा गया है, जो कि न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के मोबाइल कनेक्टिविटी सिस्टम के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है।

*यह मिशन भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करेगा*

*इसरो के 'ब्लूबर्ड' पर दुनियाभर की टिकी निगाहें*


रॉकेट एलवीएम-3

### क्या है ब्लूबर्ड सैटेलाइट?

ब्लूबर्ड सैटेलाइट अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी द्वारा बनाया गया, जो काफी उन्नत किस्म का सैटेलाइट है। यह सीधे अंतरिक्ष से ही ब्रॉडबैंड नेटवर्क या फिर फोन में नेटवर्क प्रदान करेगा। यानी भविष्य में इस सैटेलाइन की मदद से बिना मोबाइल टावर या किसी अतिरिक्त उपकरण के, सीधे फोन पर इंटरनेट, कॉल और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### बाहुबली रॉकेट से किया जाएगा लॉन्च

इसरो के इस मिशन में इस्तेमाल किया जाने वाला एलवीएम3 रॉकेट इसरो का सबसे भारी और ताकतवर लॉन्च व्हीकल है। यही रॉकेट चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे अहम मिशनों में भी इस्तेमाल किया जा चुका है। ब्लूबर्ड जैसे भारी और उन्नत सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाने की क्षमता एलवीएम3 को खास बनाती है।

### ब्लूबर्ड सैटेलाइट की खासियत?

इसरो व अमेरिकी कंपनी द्वारा वाणिज्यिक समझौते के तहत लॉंच किए जा रहे ब्लूबर्ड सैटेलाइट डायरेक्ट टू सेल फोन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसकी मदद से दूरदराज पहाड़ी इलाकों और जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या होती है। वहां पर यह सैटेलाइट काफी कारगर साबित होगा। इस सैटेलाइट को 4-जी और 5जी जैसी आधुनिक सर्विस को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। ब्लूबर्ड को दुनिया के सबसे बड़े कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स में से एक माना जा रहा है। इसमें विशाल फेज्ड-एरे एंटीना लगा है, जो एक साथ बड़ी संख्या में मोबाइल डिवाइस से संपर्क कर सकता है। इसकी डेटा क्षमता पुराने सैटेलाइट्स की तुलना में कई गुना अधिक बताई जा रही है।

### इसरो इतिहास रचने को तैयार

ब्लूबर्ड मिशन से भारत की कमर्शियल लॉन्च सेवाओं को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, यह मिशन भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग को भी मजबूत करेगा।

## अब नौ महीने बाद दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर आई बड़ी खुशखबर

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए में 20 मिलियन डॉलर की डील, दोनों ही देशों को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लग गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इस सिलसिले में टेलीफोन पर बातचीत की और दोनों नेताओं ने मिलकर एक अहम भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते एफटीए की घोषणा की। दोनों देशों के बीच 20 मिलियन डॉलर का निवेश होगा। दोनों देशों ने 10 वर्षों से अटकी समझौते पर बातचीत को इस साल मार्च में फिर शुरू किया था। अब नौ महीने बाद दोनों देशों के व्यापार को लेकर खुशखबरी आई है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिलहाल कितना व्यापार होता है? मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देश क्या हासिल करना चाहते हैं? न्यूजीलैंड इससे किस तरह का फायदा चाहता है? इसके अलावा भारत को एफटीए से क्या फायदा हो सकता है और हमारी मांगें क्या हैं?

- दस वर्षों से अटकी थी समझौते पर बातचीत

भारत के 100 प्रतिशत उत्पादों पर न्यूजीलैंड में कोई टैरिफ नहीं

भारतीय पेशेवर न्यूजीलैंड जाएंगे वहां पेशेवरों की कमी पूरी होगी

### भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार के मौजूदा आंकड़े ये हैं


पीयूष गोयल एवं न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन

भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार काफी स्थिर गति से बढ़ा है। बीते पांच साल के डाटा पर नजर डाली जाए तो सामने आता है कि वित्त वर्ष 2020 में दोनों देशों के बीच 1.67 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। हालांकि, कोरोना महामारी के प्रभाव के चलते अगले दो वित्त वर्ष 2021, 2022 में दोनों देशों का व्यापार कम हुआ। भारत-न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार ने 2023 में फिर रफ्तार पकड़ी। 2024 में यह आंकड़ा पहली बार दो अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। जून 2025 में समाप्त हुए वर्ष में भारत-न्यूजीलैंड के बीच वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग डेढ़ गुना से ज्यादा होते हुए 3.68 अरब डॉलर पहुंच गया था। इसके बावजूद भारत अब तक न्यूजीलैंड के लिए 12वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। न्यूजीलैंड अपने कुल निर्यात का 1.5 फीसदी ही भारत को भेजता है। 2024 में, वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर रहा। 2024 में, सेवाओं का व्यापार अकेले 1.24 अरब तक पहुंच गया, जिसका नेतृत्व पर्यटन, आईटी और व्यावसायिक सेवाओं ने किया। इसके अलावा 2024-25 में वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 1.3 अरब डॉलर तक आ गया।

### एफटीए पर दोनों देशों के बीच कब चर्चा शुरू हुई

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते एफटीए पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू हुई थी। यह औपचारिक शुरुआत भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक के दौरान हुई थी।

### अब न्यूजीलैंड के बाद अमेरिका से डील की तैयारीः गोयल

न्यूजीलैंड के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट एफटीए फाइनल होते ही भारत अब फुल फॉर्म में दिख रहा है। भारत ने अगला बड़ा दांव अमेरिका की ओर बढ़ा दिया है। वॉशिंगटन के साथ ट्रेड डील को लेकर चर्चाएं तेज हैं और संकेत साफ हैं कि मामला सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं रहा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के ताजा बयान ने यह साफ कर दिया है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील अब कागजों से निकलकर हकीकत की तरफ बढ़ रही है। सवाल बस इतना है कि क्या अगला बड़ा एफटीए अमेरिका के नाम होगा? गोयल ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर बातचीत एडवांस स्टेज में है और दोनों देशों के रिश्तों में तेजी से मजबूती आ रही है।

**मंत्री गोयल ने कहा**

### किसानों, उद्योगों-आम आदमी को मिलेगा फायद

भारत की व्यापार कूटनीति इस समय तेज रफ्तार में आगे बढ़ रही है। एक ओर अमेरिका के साथ बड़ी ट्रेड डील पर बातचीत तेजी से चल रही है। जबकि दूसरी तरफ भारत ने न्यूजीलैंड के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को सफलतापूर्वक अंतिम रूप दे दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर मजबूत भरोसा जताया है। उन्होंने कहा यह समझौता सिर्फ व्यापार से जुड़े आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी सकारात्मक असर डालेगा। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में करीब 20 अरब डॉलर के निवेश का भरोसा दिया है। यह निवेश मैन्युफैक्चरिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्विस सेक्टर और इनोवेशन से जुड़े क्षेत्रों में किया जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कहा,भारत–न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू होने के बाद भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा। इससे किसानों, एमएसएमई, कर्मचारियों, कारीगरों, महिला-नेतृत्व वाले उद्योग और युवाओं के साथ-साथ श्रम प्रधान उद्योगों को सीधा फायदा पहुंचेगा।



## बांग्लादेश में भारत के दूत एक्टिव वीजा सेंटर पहुंचे प्रणय वर्मा, बांग्लादेश में लोगों से किया सीधा संवाद


उच्चायुक्त बांग्लादेश के लोगों से सीधे संपर्क करते हुए।

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में तनाव के बीच भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा सोमवार को पूरी तरह 'एक्शन मोड' में नजर आए. भारतीय मिशनों पर मिल रही धमकियों की परवाह न करते हुए, वर्मा सीधे ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र पहुंचे और वहां मौजूद आम बांग्लादेशी नागरिकों से मुलाकात की। यह दौरा यह संदेश देने के लिए अहम माना जा रहा है कि तमाम मुश्किलों के बावजूद भारत मानवीय आधार पर वीजा सेवाएं जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बांग्लादेश को छोड़कर वहां के लोगों से सीधे पर्सनल कनेक्ट बनाने की कोशिश है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक वीजा सेंटर पर पहुंचकर प्रणय वर्मा ने लाइन में लगे आवेदकों से सीधा संवाद किया। इनमें से बड़ी संख्या में वे लोग थे जो गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भारत जाना चाहते हैं और मेडिकल वीजा का इंतजार कर रहे हैं। उच्चायुक्त ने उनकी समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि मेडिकल इमरजेंसी वाले मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले सप्ताह भारतीय उच्चायोग और उसके प्रतिष्ठानों को गंभीर धमकियां मिली थीं, जिसके चलते एहतियातन एक दिन के लिए वीजा सेवाएं रोकनी पड़ी थीं। हालांकि, उच्चायोग ने अब साफ कर दिया है कि बदलती सुरक्षा स्थिति के बावजूद मानवीय जरूरतों को अनदेखा नहीं किया जाएगा। उच्चायोग ने एक बयान में पुष्टि की है कि ढाका, खुलना, सिलहट और राजशाही में वीजा केंद्र अपना कामकाज जारी रखेंगे।

### बांग्लादेश में फिर बवाल हसीना विरोधी एक और छात्र नेता को मारी गई गोली

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश इस समय हिंसा की आग में झुलस रहा है। हाल में इंकलाब मंच के प्रवक्ता और कट्टरपंथी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद ढाका में हिंसा देखने को मिली। इस बीच बांग्लादेश में एक और हाई प्रोफाइल गोलीबारी की खबर सामने आई है। दरअसल, कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी एनसीपी के नेता पर हमला बोला है। बताया जा रहा है कि बीएनपी के खुलना डिविजनल हेड मोतालेब सिकदर को सोमवार को सिर में गोली लगी।

## माउंट एवरेस्ट को कचरे के ढेर बनने से बचाएगा नेपाल, ड्रोन और जीपीएस से होगी साफ-सफाई

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट और अन्य हिमालयी शिखरों पर बढ़ते कचरे की समस्या से निपटने के लिए नेपाल सरकार ने एक व्यापक 'एवरेस्ट क्लीनिंग एक्शन प्लान (2025-2029)' पेश किया है। यह योजना इस आलोचना के बाद लाई गई है कि माउंट एवरेस्ट डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा है। संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से तैयार की गई यह योजना 2025 से 2029 तक चलेगी।

### बेस कैंप को शिफ्ट करने पर विचार

अत्यधिक भीड़ और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के कारण सरकार एवरेस्ट बेस कैंप को किसी वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने की व्यवहार्यता का अध्ययन भी करेगी।

## भारतीय मूल के तीन लोगों को कोर्ट ने सुनाई जेल की सजा

**लंदन।** ब्रिटेन के डर्बी शहर में 2023 की गर्मियों के दौरान एक कबड्डी प्रतियोगिता में भड़की हिंसा ने पूरे समुदाय को झकझोर कर रख दिया था। अल्वास्टन इलाके में आयोजित इस खेल उत्सव में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हुआ, जिससे वहां भगदड़ मच गई। अब इस मामले में डर्बी क्राउन कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों को जेल की सजा सुनाई है। पुलिस जांच और वीडियो फुटेज ने दोषियों की संलिप्तता को स्पष्ट कर दिया, जिसके बाद कानून ने सार्वजनिक सुरक्षा और शांति भंग करने के आरोप में यह बड़ा फैसला सुनाया। नवंबर में हुई सुनवाई के दौरान जूरी ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया।

## बेड़े में शामिल हुआ दुश्मन की सबमरीन का काल 'अंजदीप', भारतीय नौसेना की ताकत में बड़ा इजाफा

**चेन्नई।** भारतीय नौसेना के एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के आठ जहाजों में से तीसरे जहाज अंजदीप को कर दिया गया है। इसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता ने आत्मनिर्भर भारत के तहत बनाया है। लगभग 77 मीटर लंबाई वाले ये जहाज, वॉटरजेट के तहत संचालित सबसे बड़े भारतीय नौसेना युद्धपोत हैं और अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए पनडुब्बी रोधी रॉकेट से लैस हैं, जो पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और खतरों को निपटारा करने में सक्षम हैं। जहाज नौसेना की पनडुब्बी रोधी, तटीय निगरानी और बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। जहाज का नाम कर्नाटक के कारवार के तट पर स्थित अंजादीप द्वीप से लिया गया है, जो अपने विशाल समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारतीय नवसेना की ताकत को दिखाता है।

### भारत के मुरीद हुए अफगान स्वास्थ्य मंत्री जलाली

## भारत ने पाकिस्तान से तनाव के वक्त हेल्थ केयर के लिए की मदद

एजेंसी ▶▶ काबुल

फगानिस्तान की तालिबान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मौलवी नूर जलाल जलाली इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा में वह भारत से अफगानिस्तान के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्यादा मदद तलाश रहे हैं। जलाली ने यह माना है कि भारत ने अफगान हेल्थकेयर के लिए लगातार मदद की है, जिसके लिए काबुल शुक्रगुजार है। जलाली ने अफगानिस्तान को हेल्थ सेक्टर में मदद के लिए भारत की तारीफ करते हुए आभार जताया है। खासतौर से पाकिस्तान से तनाव के वक्त भारत से मिली मदद की उन्होंने सराहना की है। जलाली ने भारत के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते और पाकिस्तान के साथ संबंधों में आए तनाव पर प्रतिक्रिया दी है।



### अमेरिका की खुफिया रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# पूरे यूक्रेन और यूरोप पर कब्जा करना चाहते हैं पुतिन!

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स में चेतावनी दी गई है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर अपने युद्ध के लक्ष्य नहीं बदले हैं। वे पूरा यूक्रेन कब्जाने और पूर्व सोवियत साम्राज्य के हिस्सों को वापस लेने की कोशिश जारी रखना चाहते हैं। यह जानकारी अमेरिकी खुफिया से जुड़े छह सूत्रों ने दी है। यह रिपोर्ट्स अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके शांति वार्ताकारों के बयानों से बिल्कुल अलग है ट्रंप की टीम कहती है कि पुतिन युद्ध खत्म करना चाहते हैं। लेकिन खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुतिन के इरादे वही हैं जो 2022 में पूर्ण आक्रमण शुरू करने के समय थे। सबसे नई रिपोर्ट सितंबर के अंत की है। यह नतीजे यूरोपीय नेताओं और उनकी खुफिया एजेंसियों के विचारों से मिलते हैं. वह मानते हैं कि पुतिन पूरा यूक्रेन और पूर्व सोवियत ब्लॉक के देशों (नाटो सदस्यों सहित) के क्षेत्र चाहते हैं।


फाइल फोटो

### रूसी सेना ने करीब 6 हजार वर्ग किलोमीटर पर कब्जा किया

वर्तमान में रूस यूक्रेन के करीब 20 प्रतिशत क्षेत्र पर कब्जा जमाए हुए है। इसमें लुहांस्क और दोनेत्स्क प्रांतों का बड़ा हिस्सा (डोनबास औद्योगिक क्षेत्र), जापोरिज्जिया और खेरसॉन के कुछ हिस्से और क्रीमिया शामिल है. पुतिन इन सभी को रूस का हिस्सा बताते हैं। इस साल रूसी सेना ने करीब 6,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा किया है।

### पुतिन ने कहा शांति बातचीत के लिए तैयार हैं, अपनी शर्तें रखी

कुछ सूत्रों के मुताबिक, यह गारंटी यूक्रेन के क्षेत्र छोड़ने पर निर्भर है, लेकिन अन्य कहते हैं कि वैकल्पिक रास्ते भी देखे जा रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की क्षेत्र छोड़ने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक सवाल का जवाब अभी नहीं मिला, ये सुरक्षा गारंटी असल में क्या करेंगी? ट्रंप दबाव डाल रहे हैं कि यूक्रेन दोनेत्स्क के छोटे हिस्से से अपनी सेना हटाए, लेकिन जेलेंस्की और ज्यादातर यूक्रेनी इसे मानने को तैयार नही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25